GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:07.03.2023**

## THE IMPRESSIVE TIMES

# JC Bose University receives Research Grant of over Rs. 1.10 Cr.

Deepti Arora
info@impressivetimes.com

**FARIDABAD :** The Research Projects submitted by three faculty members of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, have been selected to receive the grant amounting to over Rs. 1.10 Cr. from the Department of Science and Technology, Haryana which aims to encourage young scientists and inventors to pursue innovative research ideas which have direct relevance to the development of the State. The Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar congratulated the faculty members on the selection for research grants and said that the grant will boost the university's research activities and provide technical solutions to address various issues in the State. He said that said the promotion of Research is one of the topmost priorities of the University. The University has taken a series of steps to develop a research ecosystem in the University which include the constitution of the Research Advisory Council, Cash initiatives for quality research work, and provision of seed money for young researchers. Registrar Dr. S.K. Garg has also congratulated the faculty members. The faculty members have been selected to receive grants amounting to Rs 28 Lakh to 46 lakhs for their Research Projects to undertake research in the next three years. The faculty members selected to receive grants include Dr. Rajni Saggu, Associate Professor, Department of Civil Engineering, Rs. 46 lakhs for her Research Project titled 'Thermal response tests on geothermal boreholes with different configurations of heat exchanger pipes for efficient space-conditioning in the residential sector'.



DR. RANI SAGGU



DR, BINDU MANGLA



DR. ANUJ KUMAR

**THE VICE-CHANCELLOR PROF. SUSHIL KUMAR TOMAR CONGRATULATED THE FACULTY MEMBERS ON THE SELECTION FOR RESEARCH GRANTS AND SAID THAT THE GRANT WILL BOOST THE UNIVERSITY'S RESEARCH ACTIVITIES AND PROVIDE TECHNICAL SOLUTIONS TO ADDRESS VARIOUS ISSUES IN THE**

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:07.03.2023**

# AAJ SAMAJ

## जेसी बोस विवि की शोध परियोजना को अनुदान के लिए चुना

# शोध परियोजनाओं को मिला 1.10 करोड़ रुपए का अनुदान

सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** हरियाणा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के तीन संकाय सदस्यों की शोध परियोजनाओं को 1.10 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के शोध अनुदान के लिए चुना गया है।

हरियाणा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग प्रदेश में विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहन के लिए वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं की शोध परियोजनाओं को वित्त पोषित करता है। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने संकाय सदस्यों को उनके शोध अनुदान के लिए चयन पर बधाई दी है और कहा है कि अनुदान निश्चित रूप से विश्वविद्यालय में अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देगा और प्रदेश की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं को तकनीकी समाधान प्रदान करने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि अनुसंधान को बढ़ावा देना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।





डॉ. रजनी सग्गू, डॉ. बिन्दू मंगला व डॉ. अनुज कुमार।

विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं जिसमें अनुसंधान सलाहकार परिषद का गठन, गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य के लिए नकद पुरस्कार, और युवा शोधकर्ताओं के लिए सीड मनी का प्रावधान जैसी पहल शामिल हैं। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने भी चयनित संकाय सदस्यों को बधाई दी है।

जिन संकाय सदस्यों को अनुदान के लिए चुना गया है, उनमें सिविल इंजीनियरिंग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रजनी सग्गू को आवासीय क्षेत्र में जियोथर्मल बोरहोल पर थर्मल रिस्पांस टेस्ट से संबंधित उनकी शोध परियोजना के लिए 46 लाख रुपये, रसायन विज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बिंदू मंगला को बायोइंजीनियर नैनोपैटर्नड रिन्यूएबल कैरियर्स से संबंधित शोध परियोजना के लिए 36.74 लाख रुपये तथा भौतिकी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुज कुमार को रासायनिक तकनीक का उपयोग करते हुए पीजोइलेक्ट्रिक सामग्री पर आधारित कम लागत के ऊर्जा संचयन जनरेटर का डिजाइन और निर्माण से संबंधित शोध परियोजना के लिए 27.95 लाख की राशि स्वीकृत हुई है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:07.03.2023**

# PIONEER

# जेसी बोस को 1.10 करोड़ रुपये का अनुदान मिला

## विश्वविद्यालय के तीन संकाय सदस्यों की शोध परियोजना को अनुदान के लिए चुना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



डॉ. रजनी सग्गू।



डॉ. बिन्दु मंगला।



डॉ. अनुज कुमार।

**हरियाणा** विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के तीन संकाय सदस्यों की शोध परियोजनाओं को 1.10 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के शोध अनुदान के लिए चुना गया है।

हरियाणा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग प्रदेश में विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहन के लिए वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं की शोध परियोजनाओं को वित्त पोषित करता है, जिसका उद्देश्य युवा वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के ऐसे नवीन अनुसंधान कार्यों को प्रोत्साहित देना है जोकि प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए प्रासंगिकता रखते हो।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने संकाय सदस्यों को उनके शोध अनुदान के लिए चयन पर बधाई दी है और कहा है कि अनुदान निश्चित रूप से विश्वविद्यालय में अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देगा और प्रदेश की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं को तकनीकी समाधान प्रदान करने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि अनुसंधान को बढ़ावा देना विवि की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जिसमें अनुसंधान सलाहकार परिषद का गठन, गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य के लिए नकद पुरस्कार, और युवा शोधकर्ताओं के लिए सीड मनी का प्रावधान जैसी पहल शामिल हैं।

कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने भी चयनित संकाय सदस्यों को बधाई दी है। अनुदान के लिए चयनित संकाय सदस्यों को उनकी अनुसंधान परियोजनाओं के लिए 27 लाख से 46 लाख रुपये तक की अनुदान राशि स्वीकृत हुई है।

जिन संकाय सदस्यों को अनुदान के लिए चुना गया है, उनमें सिविल इंजीनियरिंग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रजनी सग्गू को आवासीय क्षेत्र में जियोथर्मल बोरहोल पर थर्मल रिस्पांस टेस्ट से संबंधित उनकी शोध परियोजना के लिए 46 लाख रुपये, रसायन विज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बिंदू मंगला को बायोइंजीनियर नैनोपैटर्नड रिन्यूएबल कैरियर्स से संबंधित शोध परियोजना के लिए 36.74 लाख रुपये तथा भौतिकी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुज कुमार को रासायनिक तकनीक का उपयोग करते हुए पीजोइलेक्ट्रिक सामग्री पर आधारित कम लागत के ऊर्जा संचयन जनरेटर का डिजाइन और निर्माण से संबंधित शोध परियोजना के लिए 27.95 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है।

**NEWS CLIPPING:07.03.2023**

# AAJ SAMAJ

## जेसी बोस विवि में खेली गई फूलों की होली



**फरीदाबाद (बलदेव कुमार)।** होली के उपलक्ष में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के स्टॉफ क्लब तथा फैकल्टी एसोसिएशन द्वारा ह्यहोली मिलनह्न कार्यक्रम आयोजित गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा फूलों और रंगों से होली खेली गई। समारोह में कुलपति प्रो एस के तोमर खासतौर पर मौजूद रहे। होली के त्योहार पर विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कुलपति प्रो तोमर ने कहा कि होली एकता, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व समाज में मानवीय मूल्यों की स्थापना करता है। इस अवसर पर स्टाफ क्लब की संरक्षक स्वीटी तोमर ने भी उत्सव की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए एक कविता सुनाई। कार्यक्रम के दौरान कुछ संगीत और नृत्य प्रस्तुतियां भी हुई, जिसे सभी ने खूब सराहा। समारोह का आयोजन स्टॉफ क्लब के अध्यक्ष प्रो तिलक राज की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ एस के गर्ग, सभी डीन और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। सभी ने समारोह में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और फूलों व रंगों से होली खेली।

**NEWS CLIPPING:07.03.2023**

# PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में खेली गई फूलों की होली



फरीदाबाद, 6 मार्च (ब्यूरो): होली के उपलक्ष में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के स्टॉफ क्लब व फैकल्टी एसोसिएशन द्वारा 'होली मिलन' कार्यक्रम आयोजित गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा फूलों और रंगों से होली खेली गई। समारोह में कुलपति प्रो एस के तोमर खासतौर पर मौजूद रहे। होली के त्योहार पर विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि होली एकता, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व समाज में मानवीय मूल्यों की स्थापना करता है। इस अवसर पर स्टाफ क्लब की संरक्षक श्रीमती स्वीटी तोमर ने भी उत्सव की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए एक कविता सुनाई। कार्यक्रम के दौरान कुछ संगीत और नृत्य प्रस्तुतियां भी हुई, जिसे सभी ने खूब सराहा। समारोह का आयोजन स्टॉफ क्लब के अध्यक्ष प्रो तिलक राज की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, सभी डीन और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। सभी ने समारोह में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

**NEWS CLIPPING:07.03.2023**

# HINDUSTAN



जेसी बोस विश्वविद्यालय में शिक्षकों ने होली मिलन कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:07.03.2023**

## AMAR UJALA

# शोध परियोजनाओं को 1.10 करोड़ रुपये का अनुदान

## विवि के तीन संकाय सदस्यों की परियोजना को चुना

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरीदाबाद।** हरियाणा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तीन संकाय सदस्यों की शोध परियोजनाओं को 1.10 करोड़ रुपये शोध अनुदान के लिए चुना गया है। इसका उद्देश्य युवा वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के ऐसे नवीन अनुसंधान कार्यों को प्रोत्साहित करना है जोकि प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए प्रासंगिकता रखते हों।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने संकाय सदस्यों को उनके शोध अनुदान के लिए चयन पर बधाई दी है।

**सामाजिक-आर्थिक समस्याओं को तकनीकी समाधान प्रदान करने में मददगार होगा**

उन्होंने कहा है कि अनुदान निश्चित रूप से विश्वविद्यालय में अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देगा और प्रदेश की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं को तकनीकी समाधान प्रदान करने में मददगार होगा। अनुसंधान को बढ़ावा देना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

**NEWS CLIPPING:07.03.2023**

# HINDUSTAN

## छात्रों और फैकल्टी ने फूलों की होली खेली

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने फूलों और रंगों की होली खेली। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली एकता, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। मौके पर स्टाफ क्लब की संरक्षक स्वीटी तोमर ने होली पर एक कविता सुनाई। कार्यक्रम का आयोजन फैकल्टी क्लब के अध्यक्ष प्रो. तिलक राज की देखरेख में किया गया। मौके पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग खासतौर पर मौजूद रहे।